भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †2527

सोमवार, 03 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

तेलंगाना में पर्यटन गलियारों का विकास

†2527. श्री माधवनेनी रघुनंदन रावः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास प्राचीन मंदिरों, विरासत स्मारकों और अन्य ऐतिहासिक स्थलों को जोड़कर तेलंगाना राज्य में पर्यटन गलियारों को विकसित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) तेलंगाना में प्रस्तावित, स्वीकृत या क्रियान्वयनाधीन ऐसी पर्यटन गलियारा परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार को ऐसे पर्यटन गलियारों या विरासत पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए तेलंगाना राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना में विरासत पर्यटन बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत या प्रस्तावित वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन गलियारों सहित पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों की पहचान, विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)'- एसडी 2.0 की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' नामक अपनी पहल

के तहत पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के विकास के लिए वर्ष 2024-25 में तेलंगाना सहित अन्य राज्यों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की है।

राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्राप्त/प्रस्तुत करना एक सतत प्रक्रिया है और इन परियोजनाओं को योजना दिशानिर्देशों एवं सरकारी निर्देशों के अनुपालन, निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन मंजूरी दी जाती है।

तेलंगाना राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, एसएएससीआई और प्रशाद नामक योजनाओं के तहत स्वीकृत, जारी/प्राधिकृत राशि और उनकी कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति सहित स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

******

अनुबंध

श्री माधवनेनी रघुनंदन राव द्वारा तेलंगाना में पर्यटन गलियारों के विकास के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †2527 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(i) तेलंगाना राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी/प्राधिकृत राशि**	**भौतिक स्थिति**
1.	इको 2015-16	महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास	91.62	91.25	पूर्ण
2.	जनजातीय 2016-17	मुलुगु - लकनावरम - मेदवरम - तड़वई - दमारवी - मल्लूर - बोगाथा झरनों का विकास	79.87	79.87	पूर्ण
3.	विरासत 2017-18	कुतुबशाही विरासत पार्क-पैगाह मकबरे- हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा का विकास	96.90	70.61	पूर्ण

(ii) तेलंगाना राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**	**भौतिक स्थिति**
1.	2023-24	अनंतगिरि	अनंतगिरि वन में इको पर्यटन क्षेत्र	38.01	19.01	कार्यान्वयन के चरण में
2.	2023-24	भोंगीर	भोंगीर किला अनुभव क्षेत्र	56.82	5.68	कार्यान्वयन के चरण में

(iii) तेलंगाना राज्य में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**	**जारी/प्राधिकृत राशि**	**भौतिक स्थिति**
1.	जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास	2020-21	38.90	33.07	पूर्ण

2.	रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास	2022-23	62.00	32.73	कार्यान्वयन के चरण में
3.	भद्राचलम, भद्राद्रि कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	2022-23	41.38	16.30	कार्यान्वयन के चरण में
4.	देवी रेणुका येल्लम्मा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास	2024-25	4.22	1.09	कार्यान्वयन के चरण में

(iv) तेलंगाना राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**श्रेणी**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**	**भौतिक स्थिति**
1.	2024-25	बुद्धवनम में डिजिटल अनुभव केंद्र का विकास	नलगोंडा (संस्कृति एवं विरासत)	24.85	12.43	कार्यान्वयन के चरण में
2.	2024-25	निज़ाम सागर में इको-पर्यटन परियोजना का विकास	कामारेड्डी (कलकी चेरूवू) (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल)	9.98	4.99	कार्यान्वयन के चरण में

(v) तेलंगाना राज्य में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**	**भौतिक स्थिति**
1.	2024-25	रामप्पा में रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ	73.74	93.61	कार्यान्वयन के चरण में
2.	2024-25	नल्लामाला में सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक रिट्रीट	68.10		कार्यान्वयन के चरण में

******